वित्तीय वर्ष 2026–27 में नालन्दा मेडिकल कालेज अस्पताल कैम्पस पी.जी. ब्यॉज एवं पी.जी. गर्ल्स होस्टल के लिफट का CMC हेतु निविदा की विवरणी एवं शर्तें :–

(क) तकनिकी निविदा :– इसके तहत निम्न कागजात संलग्न करना होगा।

1. फर्म/कम्पनी/एजेन्सी का नाम एवं पुरा पता तथा आधार कार्ड
2. फर्म/कम्पनी/एजेन्सी का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
3. फर्म/कम्पनी/एजेन्सी का जी.एस.टी निबंधन प्रमाण पत्र एवं अध्यतन जी.एस.टी. क्लियरेंस प्रमाण_पत्र,जो लेखाकार द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित हो ।
4. पैन कार्ड की छाया प्रति एवं Assessment Year 2022–23, 2023–24 एवं 2024–25 का आयकर रिर्टन की छाया प्रति।
5. निविदादाता को बैंक शोधन क्षमता का मूल प्रमाण पत्र एवं वित्तीय वर्ष 2024–25 का टर्न ओभर प्रमाण पत्र की मूल प्रति,जो लेखाकार द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित हो ।
6. निविदादाता को इस आश्य का शपथ पत्र मूल में संलग्न करना होगा कि वित्तीय निविदा में अंकित दर केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य के अर्न्तगत है।
7. निविदादाता का अन्य संस्थानों में कार्य से संबंधित कय आदेश की छाया प्रति एवं परफारामेंस प्रमाण पत्र की छाया प्रति।
8. अग्रधन के रूप में 50,000.00 (पचास हजार) रू0 मात्र का बैंक ड्राफट जो प्राचार्य के पदनाम से भुगतेय हो संलग्न करना होगा। अग्रधन में लधु उद्योग एवं मध्यम उद्योग वाले फर्म को छुट नही दिया जायगा।
9. निविदादाता को काली सूची में दर्ज नही रहने का शपथ–पत्र (नोटरी पब्लिक द्वारा निर्गत) मुल प्रति।

(वित्तीय निविदा) :– वित्तीय निविदा में एक लिफट का प्रति वर्ष CMC का दर टैक्स रहित होना चाहिए एवं उस पर निर्धारित सभी प्रकार का देय टैक्स अलग से अंकित करना होगा।

निविदा की शर्ते :–

1. यह निविदा पॉच बर्षो की होगी किन्तु कार्यादेश एक बर्ष के लिये निर्गत किया जायगा। एक बर्ष के कार्यो की समीक्षा की जायगी, कार्य संतोषजनक पाये जाने पर दूसरे बर्ष का कार्यादेश निर्गत किया जायगा। उसी प्रकार दुसरे बर्ष का कार्य संतोषजनक पाये जाने पर तीसरे बर्ष , तीसरे वर्ष का कार्य संतोषजनक पायो जाने पर चौथे वर्ष तथा चौथे वर्ष का कार्य संतोषजनक पाये जाने पर पॉचवें वर्ष का कार्यादेश निर्गत किया जायगा।
2. कार्य असंतोषजनक पाये जाने पर एग्रिमेन्ट रदद करते हुए परफारमेंस सिकयुरिटी राशि जब्त कर लिया जायगा । फर्म को काली सूची में दर्ज करने की भी कार्रवाई की जा सकता है।
3. तकनिकी मुल्यांकन में सफल निविदादाताओं का ही वित्तीय निविदा खोला जायगा।
4. सफलीभूत निविदादाता को अधोहस्ताक्षरी से CMC एग्रिमेन्ट करना होगा ।

5. सफलीभूत निविदादाता को परफारमेंस सिकयुरिटी के रूप कुल एग्रिमेन्ट राशि का 10 (दस) प्रतिशत राशि का बैंक गारंटी प्रस्तुत करना होगा। बैंक गारंटी प्रस्तुत करने के पश्चात एग्रिमेन्ट करना होगा तत्पश्चात ही कार्यादेश निर्गत किया जायगा।
6. सफलीभूत निविदादाता को 24 घंटा लिफट का देख–रेख कराना होगा।
7. लिफट खराब होने की स्थिति में लिफट को तुरन्त कार्यशील कराना होगा।
8. CMC हेतु लिफट की संख्या घटायी – बढायी जा सकती है।
9. किसी/सभी निविदाओं को रदद करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/क्रय समिति को सुरक्षित रहेगा।
10. विपत्र का भुगतान आवंटन की उपलब्धता के आधार पर किया जायगा। आवंटन उपलब्ध नही रहने पर विपत्र भुगतान में विलम्ब हो सकता है। विलम्ब के लिये कोई सुद–ब्याज देय नही होगा।
11. निविदा की सभी पृष्ठों को पृष्टांकित करते हुए उसका विस्तृत विवरण अग्रसारण पत्र पर करना होगा।

18/4/26

प्राचार्य
नालन्दा मेडिकल कालेज,पटना।

18-4-26 18/04/26